PPMN

सहयोग आपका प्रयास हमारा

# परिष्कार पत्रिका

प्रगति की ओर

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

जयपुर सहित, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, ब्यावर, जोधपुर, बानसूर, अलवर, कोटपूतली, बहरोड़, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, कानोता, बस्सी, नीम का थाना, रींगस, सीकर, कोटा, शिवदासपुरा, भीलवाड़ा, अहमदाबाद, बीकानेर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश में प्रसारित

**जरूरी सूचना**
यदि आपके पास परिष्कार पत्रिका डाक से आता है और हर माह की 10 व 25 तारीख को पाबंदी से नहीं आ रहा है, तो अपने पोस्टमास्टर या डाकिए से हमारी बात कराएं या सूचित करें। इसका निश्चित रूप से समाधान निकलेगा।
सम्पर्क करें
9314407796

पोस्टल रजि. Jaipur City/ 240/ 2021-23 पाक्षिक (हिन्दी राष्ट्रीय) मूल्य 2 रूपए

विशेषांक

E-Mail : parishkarpatrika@gmail.com

वर्ष - 22 | अंक 7 | जयपुर : 8 नवम्बर 2023 से 22 नवम्बर 2023 | RNI No : RJHIN/2002/9810 | वार्षिक सदस्यता 251 रूपए

सभी पाठकों और प्रदेशवासियों को
**दीपावली के पावन पर्व**
पर
**हार्दिक शुभकामनाएं**







श्रीमती शीला देवी
मुख्य संरक्षक
एवं
श्रवण सिंह किरार
निदेशक

**परिष्कार पत्रिका परिवार**

विधानसभा आम चुनाव-2023, विभाग ने किया एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रकाशन

# प्रदेश में मतदाताओं की संख्या हुई 5 करोड़ 29 लाख से अधिक

### 22 लाख 71 हजार से अधिक नव मतदाता पहली बार करेंगे मतदान

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** प्रदेश में निर्वाचन विभाग द्वारा राज्य के सभी 200 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की एकीकृत फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अन्तिम प्रकाशन किया गया। यह सूची विभाग की वेबसाइट बमवतंरेंजींद.दपब.पद पर उपलब्ध है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए प्रदेश में कुल 5 करोड़ 29 लाख 31 हजार 152 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से 2 करोड़ 74 लाख 74 हजार 849 पुरूष एवं 2 करोड़ 53 लाख 13 हजार 458 महिला मतदाता सम्मिलित हैं। उन्होंने बताया कि 18-19 साल के 22 लाख 71 हजार 647 नव मतदाता इस चुनाव में पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। थर्ड जेंडर के 624 मतदाता पंजीकृत हैं। गुप्ता ने बताया कि 4 अक्टूबर को फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के बाद 27 अक्टूबर तक प्राप्त फॉर्म 6 एवं फॉर्म 8 के आवेदन पत्रों का निस्तारण करते हुए एकीकृत मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया गया है। मतदाता सूचियों में शत प्रतिशत मतदाताओं के फोटो मुद्रित हैं। उन्होंने बताया कि इस अवधि में 2 लाख 88 हजार 37 नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची में मतदाता और जनसंख्या अनुपात 652 है। इसी प्रकार, प्रति एक हजार पुरुष मतदाताओं पर 921 महिला मतदाता एकीकृत सूची में पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि एकीकृत मतदाता सूचियों के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जानकारी दी गई है। मतदाता सूचियो की सॉफ्ट कॉपी समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निशुल्क प्रदान करने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। गौरतलब है कि 2018 के आम विधानसभा चुनावों में प्रदेश मे 4 करोड़ 77 लाख 89 हजार मतदाता थे। इनमें 2 करोड़ 49 लाख 61 हजार महिलाएं और 2 करोड़ 28 लाख 27 हजार महिला मतदाता थे।

**होम वोटिंग 15 से 19 नवम्बर तक**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूची में 80 वर्ष व इससे अधिक आयु के कुल 11 लाख 72 हजार 260 मतदाता एवं 100 वर्ष से अधिक आयु के कुल 16849 मतदाता पंजीकृत हैं। इसी प्रकार से कुल 5 लाख 60 हजार 425 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें से होम वोटिंग के विकल्प का चयन करने वाले मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से 15 नवम्बर से 19 नवम्बर तक मतदान कर सकेंगे। विशेष मतदान दल इस दौरान ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान कराएंगे। जो मतदाता होम वोटिंग के पहले चरण के दौरान घर पर अनुपस्थित रहेंगे, उनके लिए 20 और 21 नवम्बर को विशेष मतदान दल दूसरी बार विजिट करेंगे। अनिवार्य सेवाओं से जुड़े मतदाताओं के लिए मतदान की तारीखें 19 नवम्बर से 21 नवम्बर तक तय की गई हैं।

शेष पृष्ठ 2 कॉलम 1

तमिलनाडु में परिष्कार पत्रिका के शिक्षक दिवस विशेषांक के साथ



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** परिष्कार पत्रिका परिवार के रविसिंह किरार, हेमलता किरार के साथ ढूढाड़ री ललकार के संपादक अशोक कुमार शर्मा के साथ तमिलनाडू पहुंचे और परिष्कार पत्रिका के विशेषांक को वितरित किया। अशोकशर्मा ने बताया कि श्रीपुरम गोल्डन टेम्पल दक्षिण भारत का सबसे अद्भुत और पवित्र मंदिर सिर्फ पंजाब का गोल्डन टेम्पल ही नहीं बल्कि दक्षिण भारत में मौजूद श्रीपुरम गोल्डन टेम्पल भी विश्व प्रसिद्ध मंदिर है। अभी तक आपने यह सुना और देखा होगा कि पंजाब का गोल्डन टेम्पल ही विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है लेकिन, अपने ही देश के दक्षिण भारतीय राज्य में एक मंदिर मौजूद है जिसे भी गोल्डन टेम्पल के नाम से जाना जाता है। जी हां, दक्षिण भारत के तमिलनाडु में मौजूद महालक्ष्मी स्वर्ण मंदिर जिसे श्रीपुरम गोल्डन टेम्पल के नाम से भी जाना जाता है। तमिलनाडु के वेल्लोर मौजूद यह मंदिर अद्वितीय सरंचना और बेहत. रीन आध्यात्मिक केंद्र के रूप में भी प्रसिद्ध है। श्रीपुरम गोल्डन टेम्पल का इतिहास भी बेहद दिलचस्प है। कहा जाता है कि इस अद्भुत और अनोखे स्वर्ण मंदिर को बनवाने का विचार नारायणी अम्मा के पास आया था जिसके बाद इस विशाल मंदिर का निर्माण करवाने का फैसला किया। इस मंदिर को बनाने में लगभग 7 साल का समय लगा और साल 2007 में इस मंदिर का उद्घाटन किया गया। यह मंदिर महालक्ष्मी को समर्पित है।

इस मंदिर का इतिहास जिस तरह दिलचस्प है ठीक उसी तरह इस मंदिर की वास्तुकला भी बेहद अद्वितीय है। कहा जाता है कि बाहरी हिस्से को कलर करने के लिए लगभग 1500 किलो ग्राम सोने का इस्तेमाल किया गया है। इस मंदिर के दोनों हिस्सों को सोने की पन्नी से कवर किया गया है। जबकि, मंदिर के गर्भ गृह में 70 किलोग्राम की देवी महालक्ष्मी की एक दिव्य स्वर्ण मूर्ति स्थापित है। आपको बता दें कि बीच में मंदिर और चारों तरफ से बेहतरीन पार्क मौजूद है। इसके अलावा आपकी जानकारी के लिए यह भी बता दें मंदिर परिसर के पार्क में घूमने के लिए कोई चार्ज नहीं है लेकिन, दिव्य दर्शन के लिए 100 रुपया लग सकता है। श्रीपुरम आध्यात्मिक पार्क के अंदर स्वर्ण मंदिर वेल्लोर परिसर भारत के तमिलनाडु में श्रीमलाईकोडी वेल्लोर में हरी पहाड़ियों की एक छोटी श्रृंखला के तल पर स्थित है। यह तिरूपति से 120 किमी, चेन्नई से 145 किमी, पांडिचेरी से 160 किमी और बेंगलुरु से 200 किमी दूर है।

## सहकार दीपोत्सव मेला का आयोजन 11 नवम्बर तक

**सस्ती दरों पर मिल रहे हैं ग्रीन पटाखे और त्यौहारी सामग्री**

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** उपभोक्ता संघ द्वारा यहां भवानी सिंह रोड़ स्थित नवजीवन सहकारी बाजार में उपहार सहकार दीपोत्सव मेला 11 नवम्बर, 2023 तक प्रातः 11:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक आयोजित हो रहा है। यह जानकारी उपभोक्ता संघ के महाप्रबंधक राजेन्द्र सिंह ने दी। सिंह ने बताया कि मेले का मुख्य आकर्षण शिवकाशी (तमिलनाडू) के ग्रीन पटाखे हैं। जिन पर 60 से 75 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। मेले में एमएमटीसी-पैम्प के सोने एवं चांदी के सिक्के उचित मूल्य पर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाये जा रहे हैं।

मेले के माध्यम से दीपावली सीजन पर उपभोक्ताओं को एक ही छत के नीचे आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। महाप्रबंधक ने बताया कि उपहार दीपोत्सव मेलों में जयपुरवासियों के लिए खुले व गिफ्ट पैक में ग्रीन पटाखों, बर्तन, सजावटी फ्लावर, लाइट्स, डिजाइनदार कैन्डल्स, बेडशीट्स के साथ ही पूजन सामग्री भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा सूखे मेवे के उपहार पैक, नमकीन, परिधान और हाउस होल्ड सामान भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि धनतेरस पर जयपुर के आमजन को एमएमटीसी-पैम्प के सोने के 1 ग्राम से 20 ग्राम तक, चांदी के 10 ग्राम से 1 किलो तक के सिक्के, पूजा की थाली उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की गई है। मेलें में रंगोली का सामान सहित अन्य आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध है।

मेरी माटी मेरा देश अभियान का नई दिल्ली में हुआ समापन

## राजस्थान को मिला अमृत अवार्ड मुख्य सचिव उषाशर्मा ने प्रधानमंत्री से ग्रहण किया अवार्ड

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राजस्थान ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान मेरी माटी मेरा देश अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में तृतीय स्थान हासिल कर अमृत अवार्ड प्राप्त किया है।

नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मंगलवार को आयोजित मेरी माटी मेरा देश अभियान की अमृत कलश यात्रा के भव्य समापन समारोह में यह पुरस्कार मुख्य सचिव उषा शर्मा ने प्रधानमंत्री से ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 3 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ मंत्रालयों और विभागों को आजादी का अमृत पुरस्कार प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि इन पुरस्कारों का चयन उच्च स्तर पर गठित एक समिति द्वारा किया गया। जिसके अनुसार 36 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों में से 3 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में प्रथम पुरस्कार जम्मू और कश्मीर को द्वितीय पुरस्कार गुजरात को दिया गया। तीसरा पुरस्कार संयुक्त रूप से राजस्थान और हरियाणा राज्य को प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुरस्कार विजेता राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों और मंत्रालयों को बधाई दी।

## पशु प्रतियोगिताओं के लिए पशुपालकों की बैठक सम्पन्न

**पुष्कर पशु मेला 2023**

**परिष्कार पत्रिका ।** अजमेर, पुष्कर पशु मेला 2023 में सम्पन्न होने वाली पशु प्रतियोगिताओं का आयोजन 19 नवम्बर से 23 नवम्बर तक किया जाएगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने बताया कि मंगलवार को राजकीय कुक्कुट प्रशिक्षण संस्थानशास्त्रीनगर में पुष्कर पशुमेला 2023 में होने वाली पशु प्रतियोगिताओं के आयोजनके लिए विधानसभा चुनाव के मददेनजर संशोधित विभागीय कार्यक्रम से अवगत कराने के लिए आयोजन से जुड़े अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले के 27 प्रगतिशील पशुपालकों ने भाग लिया। इसके लिए पशुपालकों से आयोजनार्थ सुझाव आमंत्रित किए गए। पशुपालकों ने पूर्व मेलों में विभागीय व्यवस्थाओं की भाँति व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से करने के लिए सुझाव प्रदान किए।

डॉ. नवीन परिहार ने पशुपालकों को अवगत करवाया गया कि 19 नवम्बर को दोपहर 3 बजे तक गीर प्रर्दशनी स्थल पर भाग लेने वाले पशुपालकों तथा उनके पशुओं का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। उसी दिवस सायं गीर प्रर्दशनी का उद्घाटन होगा तथा दुग्ध प्रतियोगितायें 19 से 21 नवम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। 20 से 23 नवम्बर तक सभी पशुओं की शो प्रतियोगितायें आयोजित की जाएगी।

डॉ. सुनील घीया ने सभी पशुपालकों को अवगत कराया कि 19 नवम्बर को सायं 6 बजे झरण, 20 नवम्बर को प्रातः 6 बजे प्रथम दुहारी व सायं 6 बजे द्वितीय दुहारी तथा 21 नवम्बर को प्रातः 6 बजे तृतीय दुहारी होगी। इसी प्रकार 20 नवम्बर को प्रातः 10 बजे संकर हॉलिस्टीन व जर्सी नस्ल प्रतियोगिता, दोपहर 2 बजे गीर नस्ल प्रतियोगिता व दोपहर 4 बजे भैंस वंश की नस्ल प्रतियोगिता आयोजित होगी।

विद्यार्थियों के लिए डवलप सुपर मेमोरी वर्कशॉप का आयोजन

## विद्यार्थी आसानी से अपनी मेमोरी को पावरफल बना सकते हैं : जयेश भट्ट











**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** विद्यार्थियों मेमोरी को सुपर पावरफुल बनाने के लिए परिष्कार पत्रिका ने इन्फ्लुअर बुक ऑफ वर्ड रिकार्ड के सहयोग से साईंस पार्क जयपुर में वर्कशॉप का आयोजन किया। जिसमें इन्फ्लुअर बुक ऑफ वर्ड रिकार्डी और मोटिवेशल स्पीकर जयेश भट्ट ने विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को बोर्ड की परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त करने और अपनी स्कील को डवलप करने के लिए आसान और कारगर उपाए बताए।

जयेश भट्ट ने विद्यार्थियों को बड़े-बड़े प्रशनोत्तर को याद करने और उन्हें अपनी मेमोरी को सुपर पावर बनाने के लिए तीन घंटे तक वर्कशॉप में कई टिप्स दिए। विभिन्न विद्यालयों से आऐ विद्यार्थियों ने हाउसफुल वर्कशॉप में उत्साह के साथ नई नई टेक्निक सीखीं।

कार्यक्रम के संयोजक और परिष्कार न्यूज के कॉर्डिनेटर डेंजिल नाजरथ ने बताया कि दिवाली की छुट्टियों के बाद सभी विद्यालयों में परीक्षाओं का दौर प्रारंभ हो जाएगा। विद्यार्थियों को बड़े-बड़े प्रश्न-उत्तर याद करने में और परीक्षा तक याद रखने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उन्हें आसान ट्रिक और मेमोरी को सुपर पावरफुल बनाने के लिए इस तीन घंटे की वर्कशॉप का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों को इन्फ्लुअर बुक ऑफ वर्ड रिकार्डी स्पीकर जयेश भट्ट ने नये-नये तरीकों से बच्चों को मेमोरी को बढ़ाने और लम्बे समय तक याद रखने की टैकनीक बताई। नारजरथ ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैथलीनो आई फाउंडेशन के अध्यक्ष और 83 वर्षीय इन्फ्लूअर वर्ल्ड रिकॉर्डी माईकल कैथलीनो थ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि यूनूस खान सिटी पैलेस, कौशल सत्यार्थी मानव सेवा संस्था, रवि धनखड़ जनरल मैनेजर रमाड़ा जयपुर, अखिल परीक, राधेश्याम यादव, सिद्धार्थ चौहान प्रकाश विद्यालय, सुनीता एनजीओ, महिमा जैन, ब्रजेश सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिष्कार पत्रिका के संपादक रविसिंह किरार ने की। डेंजिल नाजरथ ने बताया कि कार्यक्रम की इस वर्कशॉप के आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास और स्कील डवलपमेंट था। कार्यक्रम का प्रारंभ सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माईकल कैथलीनों ने बताया कि जब 83 वर्ष की उम्र में वर्ल्ड रिकार्ड बना सकता हूं तो आपकी तो शुरूआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि वे मेहनत से पीछे नहीं हटे और अनुशासित रहकर अध्ययन के प्रति एकाग्रचित रहे।

विशिष्ट अतिथि रवि धनखड़ ने बच्चों को मोटीवेट करते हुए पांच बातें बताई। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे शॉर्टकट की तलाश नहीं करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं। उसे लगतार मेहनत और धैर्य के साथ ही प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का दुपट्टा, शॉल ओढ़ाकर और मेमेंटो देकर सम्मान किया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों को वर्कशॉप में भाग लेने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने अल्पहार किया। वर्कशॉप में सदाचार विद्यालय, प्रकाश विद्या निकेतन, गायत्री पब्लिक स्कूल, चौधरी पब्लिक स्कूल सहित अनैक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया

कार्यक्रम में रविसिंह किरार और डेंजिल नाजरथ ने सभी अतिथियों और अध्यापकों का आभार प्रकट किया।

**श्रृद्धांजलि**

**18 वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धा सुमन**

मन, वचन व कर्म से आपने जो दीप प्रज्जवलित किया,
वह सदा हमारा पथ आलोकित करता रहेगा।




**महाराज श्री बंशीलाल किरार**

जन्म तिथि : 1/1/1919 एवं परलोक गमन 11/11/2005

परिष्कार पत्रिका के मुख्य संरक्षक एवं
अखिल भारतीय धानका समाज आदिवासी महासंघ के राष्ट्रीय संरक्षक एवं गांधीवादी विचारक
**महाराज श्री बंशी लाल किरार**
की 18वीं पुण्यतिथि पर परिष्कार पत्रिका परिवार की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

-: श्रद्धानवत :-

समस्त किरार परिवार एवं

**परिष्कार पत्रिका परिवार**

## सम्पादकीय

सभी पाठकों को पंच दिपोत्सव के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं। पांच दिनों तक मनाएं जाने वाले इस पर्व का धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विशिष्टता अलग ही है। अंधकार पर प्रकाश की विजय का यह पर्व परिवार, समाज और देश में उल्लास भाईचारे व प्रेम का संदेश फैलाता है। इस माह के अंतिम सप्ताह में विधानसभा चुनाव है। दीपावली के बाद लोकतंत्र का महापर्व। जगह जगह मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। विभिन्न संगठन अपने अपने स्तर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयासकर रहे है। अब अपने अधिकारोंके लिए लोकतंत्र में जनमत को जागृत किए जाने की जरूरत है। स्वयंसेवी संस्थाओं को यह जिम्मेदारी उठानी होगी। शिक्षा और चिकित्सा सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। वर्तमान में राजनीति को धर्म से जोड़ा जा रहा है और साधु–संतों को प्रत्याशी बनाया जा रहा है। धर्म के आधार पर मतदाताओं को भ्रमित और प्रभावित किया जा रहा है। मतदाताओं को प्रलोभन देना लोकतंत्र की भावनाओं के विपरीत है। इस तरह के प्रलोभनों से बचना होगा। मन को मजबूत करें। दीपोत्सव के पावन पर्व पर मन के अंधकार को दूर करें और सभी के बारे में भला और सही सोचे। इससे खुशी का माहौल बनेगा। जीवन में खुश रहना बहुत जरूरी है। हम सभी अंततः खुशी के लिए ही सब कार्य करते है। इसलिए सभी परिवार के साथ दोनों त्यौहारों का आनंद लेवें। जिनका भी लिस्ट में नाम है वे वोट अवश्य करें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। बच्चों को पटाखे स्वयं की मौजूदगी में छुड़वाए। ताकी त्यौहार सुरक्षित और आनंद के साथ मनाया जा सके।

जय हिन्द। जय भारत।। जय हिन्द। जय भारत।।

## पदोन्नति में देरी पर शिक्षकों में बढ़ा आक्रोश, काली पट्टी बांधकर पढ़ा रहे



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** हरिदेव जाशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्ध्वविद्यालय में पदोन्नति (सीएएस) की प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर शिक्षकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। शिक्षक पिछले कई वर्षों से सीएएस का लाभ दिए जाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। शिक्षक अब विरोध पर उतर आए हैं और कुलपति को पत्र लिखकर कहा है कि सीएएस की प्रक्रिया पूरी होने तक, आंदोलन के पहले चरण में कक्षाएं लेने के अलावा कोई प्रशासनिक कार्य नहीं करेंगे। इस दौरान शिक्षक काली पट्टी बांधकर कक्षाओं में जाएंगे। हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हूटा) के अध्यक्ष डॉ. अनिलकुमार मिश्र ने बताया कि विश्वविद्यालय में कार्यरत 6 सहायक प्रोफेसरों की सेवा अवधि 10 वर्ष से भी अधिक हो चुकी है, लेकिन वे अपनी पहली पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, जो उनको 4 से 6 साल पहले ही मिल जानी चाहिए थी। गौरतलब है कि इन शिक्षकों का ट्रांसफर वर्ष 2019 में राजस्थान विश्वविद्यालय से राज्य सरकार ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्ध्वविद्यालय में किया था। राजस्थान विश्ध्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसरों के प्रमोशन 2020 में ही हो चुके हैं, लेकिन यहां शिक्षक 4 वर्ष बाद भी इंतजार कर रहे हैं। हूटा के महासचिव डॉ. रतन सिंह शेखावत ने कहा कि शिक्षक वर्ष 2020 से लगातार लिखित और मौखिक रूप से सीएएस प्रक्रिया पूरी करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन पदोन्नति को प्रक्रियाधीन बताकर आज तक शिक्षकों का वाजिब हक देने में नाकाम रहा है। शिक्षकों ने कुलपति प्रो. सुधि राजीव को एक बार फिर से पत्र लिखकर सीएएस लागू करने की मांग की है। सीएएस प्रक्रिया पूरी होने तक शिक्षक अपना विरोध जारी रखेंगे।

## आईआईएस यूनिवर्सिटी में प्लेसमेंट और इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आई आई एस डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मीडिया और प्लेसमेंट सैल के सहयोग से प्लेसमेंट कम इंटर्नशिप ड्राइव का आयोजन किया गया। इस मौके पर 50 ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट मीडिया स्टूडेंट्स का विभिन्न मीडिया संस्थानों के लिए साक्षात्कार किया गया। इन संस्थानों में प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल एवम अन्य इंडस्ट्रीज शामिल रहीं। मीडिया संस्थानों ने स्टूडेंट्स की राइटिंग, स्पीकिंग एवम टेक्निकल स्किल्स को परखा। इस अवसर एडवाइजर डॉ शिप्रा माथुर ने बताया कि डिपाटमेंट समय समय पर मीडिया इंडस्ट्री इंटरेक्शन के साथ–साथ मीडिया के अलग–अलग वर्टिकल्स में वर्कशॉप्स एवं ट्रेनिंग करवाता रहता है। इस मौके पर डॉ रुचि गोस्वामी, डॉ आस्था सक्सेना, डॉ अदिति पारीक, साक्षी ग्रोवर एवम डॉ वैशाली गुप्ता मौजूद थे।

## लोकतंत्र की आकांक्षाएं धूल धूसरित हो रही : डॉ कुसुम
# विधानसभा चुनावों में वायदों की अपसंस्कृति



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** मुक्त मंच की 75वीं मासिक संगोष्ठी विधानसभा चुनावों में वादों की अपसंस्कृति विषय पर हुई। परम विदूषी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और प्रतिष्ठित भाषाविद् डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसुम की अध्यक्षता में हुई इस गोष्ठी में आईएएस (रि.) अरूण कुमार ओझा मुख्य अतिथि थे और शब्द संसार के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया। डॉ. कुसुम ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज राजनैतिक दल मतदाताओं को प्रलोभन देकर वोट हासिल करते हैं जो अनुचूति है। वर्तमान में लोकतंत्र की सभी आशाएं–अपेक्षाएं धूल धूसरित हो रही है ऐसे में मतदाता जागरूक नहीं होगा तो लोकतंत्र फलीभूत नही होगा।

मुख्य अतिथि आईएएस (रि.) अरूण कुमार ओझा ने कहा कि वृहद समाज के लिए बजट की अधिकाधिक राशि खर्च की जानी चाहिए परन्तु ऐसा नहीं होता। सरकारों के लिए यह प्राथमिकता ही नहीं है जो दुर्भाग्यपूर्ण है। इंजीनियर दामोदर प्रसाद चिरानिया के कहा कि हमारे राजनीतिक दल सदाचार और नैतिकता से कोसों दूर हैं। राजनैतिक घरानों के गुप्त धन पर आश्रित हैं। वादे जन अपेक्षाओं के अनुरूप होने चाहिए। आईएएस (रि.) ए.आर. पठान ने कहा कि अमीरी–गरीबी का अन्तर बढ़ता जा रहा है। पिछड़ों की कोई सुनवाई नहीं होती। बडे/घरानों के कर्जे माफ कर दिए जाते हैं। संगठित वर्ग अपने संख्या बल पर लाभ उठा लेते हैं और असंगठित वर्गों की उपेक्षा की जाती है। अमीरों पर वैल्थ टैक्स लगाकर गरीबों को ऊंचा उठाने के लिए साधन मुहैया करवाए जाने चाहिए। प्रो. राजेन्द्र प्रसाद गर्ग ने कहा कि हम तिहरी गुलामी का बोझा ढो रहे हैं इसलिए कुंठित हैं और आज भी 'फ्रीबीज' की ही ग्रंथी से देखते हैं जबकि सामाजिक सरोकार सर्वोपरि होने चाहिए।

डॉ. सुभाषचन्द्र गुप्त ने कहा कि राजनेता जनता को भरमाने के लिए पहले तो वायदे करते हैं और उनका लाभ उठाकर सत्त में आने के बाद जुमले करार दे देते हैं। सामान्य सुविधाओं के लिए भी आमजन के कामों में तरह–तरह के अडंगे लगाए जाते हैं जबकि सुविधाएं लेने हेतु नियमों को सरल बनाया जाना चाहिए।

वांग्मय प्रकाशन के राजेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे यहां तो ऋण लेकर घी पीने की परम्परा रही है और सरकारें भी यही कर रही है। गरीब तबके की पीड़ा को लेकर किसी को कोई चिंता नहीं है। पूर्व बैंकर इन्द्र भंसाली ने कहा कि सत्त में बैठे नेता भव्य और दिव्य जीवन जीते हैं और करों के रूप में जनता की गाढ़ी कमाई पर सभी सुविधाएं भोगते हैं। दूसरी ओर जनता को मुफ्त सुविधाएं प्रदान कर राज. कोष पर भार डालते हैं। इस हेतु जनता का जागरूक होना नितान्त आवश्यक है। प्रखर पत्रकार–विचारक सुधांशु मिश्र ने कहा कि सरकारें कर्जा चुकाने के लिए कर्ज ले रही हैं। हम जो चीजें स्वदेश में बना सकते हैं उनका भी अन्य राष्ट्रों से आयात करते हैं। हमारी संवैधानिक संस्थाएं दबाव में है जो लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

वरिष्ठ साहित्यकार फारूक आफरीदी ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए लोकतंत्र में जनमत को जागृत किए जाने की जरूरत है। स्वयंसेवी संस्थाओं को यह जिम्मेदारी उठानी होगी। शिक्षा और चिकित्सा सरकारों की प्राथमिकता होनी चाहिए। गोष्ठी के संयोजक श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि राजनीति को धर्म से जोड़ा जा रहा है और साधु–संतों को प्रत्याशी बनाया जा रहा है। धर्म के आधार पर मतदाताओं को भ्रमित और प्रभावित किया जा रहा है। मतदाताओं को प्रलोभन देना लोकतंत्र की भावना के विपरीत है।

सर्वश्री यशवंत कोठारी, आरडी अग्रवाल, ललित अकिंचन अरुण ठाकर, डॉ. जीके श्रीवास्तव, पत्रकार निर्मला राव, सुमन ने भी विचार व्यक्त किए। आईएएस विष्णुलाल शर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर
# जोन 10 में सौलह बीघा भूमि पर दो नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन–10 में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 16 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन–10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित जे.एन.यू. हॉस्पिटल के पास जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमा. दन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''ऑफिसर्स कैम्पस'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई ग्रेवल–मिट्टी की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन–10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जेडीए द्वारा जोन–10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित बाबा बालकनाथ आश्रम के पास जिला जयपुर में करीब 12 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति–अनुमोदन के एवं बिना भू–रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''द्वारकापुरी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों–रात बनाई गई ग्रेवल–मिट्टी की सड़कें, निर्माणाधीन पिल्लर, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन–10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा–वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन–चतुर्थ प्रवर्तन अधिकारी जोन–10, पी.आर.एन.(नोर्थ) तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

## राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद
# जयपुर में 20वीं राजस्थान स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद के तत्वावधान में राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद द्वारा 20वीं राजस्थान स्टेट चैम्पियनशिप 2023 का आयोजन एक नवम्बर से पांच नवम्बर तक बालाजी इंजीनियरिंग कॉलेज जयपुर में हुआ। राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव एडवोकेट धर्मेंद्रसिंह ने बताया की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में राजस्थान के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने अलग–अलग वर्गो में भाग लिया। जूनियर कबड्डी वर्ग में प्रथम सीकर विजेता, द्वितीय नीम का थाना उपविजेता, तृतीय जयपुर बालिका वर्ग में प्रथम नीम का थाना विजेता, द्वितीय जयपुर उपविजेता, तृतीय झुंझुनू व वॉलीबॉल में प्रथम नीम का थाना विजेता द्वितीय अजमेर उपविजेता तृतीय झुंझुनू व एथलेटिक्स प्रथम झुंझुनू द्वितीय नीम का थाना रहे।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सोनियासैनी विशिष्ट अतिथि एडवोकेट भागचंद कुमावत कार्यकारिणी अध्यक्ष राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद, अतिथि आशुतोष कुमावत अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट प्रदेश संयोजक खेल प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी राजस्थान, राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद महासचिव एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, राजस्थान चैंपियनशिप आयोजक सचिव अजय सिंह राजस्थान खेल एवं शिक्षा परिषद टेक्निकल डायरेक्टर प्रेमचंद किलानिया, कबड्डी कोच दीपेंद्र चौधरी संचित शेखावत सुभाष बरवड़ नारायण कुमावत सीकर आदि लोग उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए कर्मचारी हुए एकजुट




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में देश के 85 लाख कर्मचारियों द्वारा देशभर में पुरानी पेंशन बहाली हेतु चलाया जाने वाला एक राष्ट्रीय आंदोलन है जो अलग अलग राज्यों में राज्य इकाइयों दद्वारा व राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय टीम द्वारा पूरे देश में एक साथ चलाया जा रहा है। देश के कर्मचारी इतिहास का ये सबसे बड़ा आंदोलन है जिससे लाखों करोड़ों लोग व उनके परिवार नाते रिश्तेदार प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से इस आन्दोलन से जुड़े हुए हैं। पुरानी पेंशन का मुद्दा चुनाव का टर्निंग पॉइंट हो सकता है। डॉ कमल उसरी ने कहा कि निजीकरण इस देश के निम्न व मध्यम वर्ग के लिये अभिशाप है। निजीकरण से शोषण को बढ़ावा मिल रहा है।

## प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक पर ग्रेटर की सख्त कार्यवाही
# टास्क फ़ोर्स द्वारा 512 किलों से भी अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को किया गया जब्त
### दोषियों से 10 लाख 52 हजार रूपये से भी अधिक वसूल की गई जुर्माना राषि

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर द्वारा 01 जुलाई 2022 से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दोषियों के विरूद्ध ग्रेटर क्षेत्र के सात जोनों में गठित टास्क फोर्स द्वारा निरीक्षण कर 1 हजार 481 से भी अधिक चालान काटे गये हैं तथा 512 किलों से भी अधिक प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त किया गया हैं तथा 10 लाख 52 हजार रूपये से भी अधिक जुर्माना राषि वसूल की गई।

नगर निगम ग्रेटर आयुक्त बाबूलाल गोयल ने बताया की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। जिसकी अनुपालना में नगर निगम ग्रेटर जयपुर द्वारा 7 जोनों में टास्क फोर्स का गठन किया गया हैं। जिसके अन्तर्गत जोन उपायुक्त राजस्व अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक, वार्ड सफाई निरीक्षक, कांस्टेबल की टीम गठित की गई हैं। जिनके द्वारा दिन प्रतिदिन सब्जी मण्डी, फल मण्डी, रेस्टोरेंट, होटल इत्यादि स्थानों पर निरीक्षण किये जाते हैं तथा दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाती है। अब तक नगर निगम ग्रेटर की टीमों द्वारा 2 हजार से भी अधिक निरीक्षण किये गये हैं तथा गठित टीमों द्वारा 1 हजार 481 से भी अधिक चालान कर दोषियों से 10 लाख 52 हजार रूपये से अधिक जुर्माना राषि वसूल की है। उन्होंने बताया कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में मैरिज गार्डन संच. ालकों, व्यापारिक मण्डल, स्कूल संचालक, स्ट्रीट वेण्डर्स, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा संचालकों व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ जन जागरूकता के लिए कार्यशालाएं भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की समझाईश की गई। गौरतलब हैं कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु मंत्रालय द्वारा 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक की वस्तुओं के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को निषेध किया गया है। जिसमें प्लास्टिक युक्त ईयर बडस, गुब्बारों के लिये प्लास्टिक की डंडियाँ, प्लास्टिक के झण्डे, कैन्डी स्टीक, आईसक्रीम की डंडियाँ, पॉलीस्टाइरीन की सजावटी सामग्री, मिठाई के डिब्बों के इर्द–गिर्द लपेटने अथवा पैक करने वाली फिल्में, 100 माईक्रोन से कम मौटाई वाले पी.वी.सी. बैनर सम्मिलित हैं।

## यश के जन्मदिवस पर स्वस्ति यज्ञ में सैंकड़ों ने दी आहुतियां
# प्रभु सेवा सम्मान, रक्तदान शिविर और ओउमाश्रय गौशाला लोकार्पण समारोह सम्पन्न





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** जयपुर मानव निर्वाण एवं विश्व शांति संस्थान जयपुर द्वारा संचालित प्रणवी यश स्मृतिय प्रकल्प ओउमाश्रय सेवा धाम में आज प्रभू सेवा सम्मान समारोह, के साथ–साथ रक्त दान शिविर और गौशाला लोकार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ओमाश्रय सेवा धाम आश्रय हीन असहाय, रोगियों की सेवा एवं संसाधनों के आभाव मे वेदनीय पीड़ा द्वारा मृत्यु का शिकार होने से बचाना है। इसी उद्देश्य को अपना सपना बना कर सेवाधाम के संचालक यशपाल यश ने वो कर दिखाया कि आश्रम में 55 से भी ज्यादा आश्रय हीन असहाय निराश्रित प्रभुजन औसतन सेवाधाम में लाभ प्राप्त कर रहे है। ओमाश्रय सेवा धाम के संचालक यशपाल यश के 69वें जन्मदिवस के अवसर पर सैकड़ों ने स्वस्ति यज्ञ में आहुतियां दीं। सम्मान समारोह में 151 नागरिको का प्रभु सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया, तो वंही 53 लोगों ने रक्तदान कर कार्यक्रम को सफल बनाया। यशपाल यश ने कहा कि सेवाधाम में वैदिक मंत्रो के साथ सभी प्रभु जनों को यज्ञ के माध्यम से शिक्षा दी जाती है। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व लोकायुक्त सज्जन सिंह कोठारी ने कहा कि सेवाधाम में प्रभु जनों की सेवा ही महान सेवा है और यहाँ आश्रय हीन असहाय, बीमार जनों को वस्त्र, दवा भोजन के साथ–साथ अपनापन भी मिलता है। समारोह की अध्यक्षता प्रदीप बोरड़ पूर्व आई,ए,एस ने की और डॉ गोवर्धन लाल गर्ग वैदिक विद्वान, आचार्या हिमानी जॉली ज्योतिष एवं वैदिक देवस्थापति समारोह में विशिष्ट अथिति के रूप में उपस्थितरहे। संस्थान सचिव डॉ प्रमोद पाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रदेश में मतदाताओं की संख्या हुई........

पृष्ठ 1 का शेष

**सबसे अधिक और कम मतदाता इन विधानसभा क्षेत्रों में**

सबसे ज्यादा झोटवाड़ा विधानभा क्षेत्र में 4,28,067, बगरू में 3,52,418, सांगानेर में 3,50,032, विद्याधरनगर में 3,41,649, लूणी में 3,34,621, बाली में 3,32,730, सांचोर में 3,15,259 मतदाता पंजीकृत हैं। सबसे कम मतदाता किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 1,92,641 मतदाता, जोधपुर में 1,99,577, बसेड़ी में 2,02,944, अजमेर उत्तर में 2,09,560, सांगोद में 2,09,869 मतदाता पंजीकृत हैं।

**सबसे अधिक व कम महिला मतदाता यहां**

सबसे अधिक 2,05,673 महिला मतदाता झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में, बगरू में 1,67,686, सांगानेर में 1,66,920, विद्याधर नगर में 1,63,951, बाली में 1,59,369, लूणी में 1,58,950 महिला मतदाता पंजीकृत हैं। सबसे कम 91,896 महिला मतदाता किशनपोल में, 92,513 बसेड़ी में, 98,830 जोधपुर में, 99,039 राजाखेड़ा में, 1,00,862 महिला मतदाता पीपल्दा में पंजीकृत हैं।

**एक लाख 42 हजार से अधिक सर्विस वोटर्स**

सर्विस वोटर्स की संख्या 1 लाख 42 हजार 221 है, इनमें 4852 महिला सर्विस वोटर्स हैं। सबसे अधिक 8101 सर्विस वोटर्स सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र, 4774 बहरोड़ में, 4759 खेतड़ी में और 3861 मुण्डावर विधानसभा क्षेत्र में पंजीकृत हैं। सबसे कम 3 सर्विस वोटर्स कुशलगढ़ में, धरियावद में 8, बागीडोरा में 12 और 13 झाडोल विधानसभा क्षेत्र में पंजीकृत हैं।

**मतदान केन्द्र की संख्या 52 हजार 139**

उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में कुल 52 हजार 139 मतदान केन्द्रों पर वोट डाले जाएंगे, इनमें 383 सहायक मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि बैलट पेपर लगाकर ईवीएम को सील करने की कार्रवाई 15 से 20 नवम्बर तक की जाएगी, इस दौरान सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति भी रहेगी

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्यसचिव ने किया औचक निरीक्षण

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रासिंह ने मंगलवार शाम स्वास्थ्य भवन स्थित 24 घंटे संचालित स्टेट कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। सिंह ने कहा कि स्टेट कंट्रोल रूम में आने वाली हर शिकायत का रजिस्टर में इंद्राज हो और समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित हो। उन्होंने निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में आने वाले सभी कॉल्स का संतोषजनक जवाब देने के साथ ही शिकायतों को संबंधित शाखा में भेजकर उसका यथासंभव समाधान करवाया जाए। साथ ही निरन्तर फोलो–अप भी किया जाए।


## श्रद्धा सुमन

14वीं पुण्य तिथि

:: स्व. रतन लाल मावर ::

पुत्र श्री कजोड़मल मावर

[अवतरण 28 मार्च 1956 - महाप्रयाण 14 नवंबर 2009]



: श्रद्धानवत :

विमला देवी [पत्नी], शीला देवी-श्रवण सिंह किरार [बहिन-बहनोई] सुनिलकुमार-ज्योतिदेवी [पुत्र-पुत्रवधु], विजेन्द्रकुमार-सुनिता, प्रशांतकुमार-अनुराधा [पुत्र], सिद्धार्थ, दैवांश, वैभव, [पौत्र],दीया [पौत्री] एवं मावर परिवार और

परिष्कार पत्रिका परिवार

प्लाट नं. 2, कटेवा नगर, न्यू सांगानेर रोड़, जयपुर

### विधानसभा आम चुनाव

#### 7 हजार से ज्यादा वोटर्स को मिलेगी होम वोटिंग की सुविधा,

# 80 साल से अधिक आयुवर्ग के 6 हजार 328 मतदाता करेंगे घर से मतदान

## 902 दिव्यांग मतदाताओं को भी मिलेगी होम वोटिंग की सुविधा

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा प्रदान की है।

मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में सामान्य मतदाता, सर्विस वोटर्स एवं होम वोटिंग सहित अन्य चुनावी बिन्दुओं को लेकर बैठक आयोजित हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जयपुर जिले के 19 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6 हजार 328 बुजुर्ग मतदाताओं जिनकी आयु 80 वर्ष से अधिक है एवं 902 दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव में जिले के कुल 50 लाख 95 हजार 362 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 26 लाख 59 हजार 326 पुरुष मतदाता, 24 लाख 35 हजार 960 महिला मतदाताओं के साथ साथ 76 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

साथ ही उन्होंने बताया कि जिले में कुल 10 हजार 413 सर्विस वोटर्स हैं जिसमें 9 हजार 988 पुरुष एवं 425 महिला सर्विस वोटर शामिल हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 454 कार्मिक आवश्यक सेवाओं में एवं 44 हजार 664 कार्मिक एवं अधिकारी चुनावी ड्यूटी में नियोजित नियोजित किये गए हैं।

# राज्य में 7 नवम्बर से 30 नवम्बर तक लगा एग्जिट पोल पर पूर्ण प्रतिबंध

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने 7 नवंबर को सुबह 7 बजे से लेकर 30 नवंबर की शाम 6.30 बजे तक के लिए एक्जिट पोल पर रोक लगा दी है। इस दौरान राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, मिजोरम, तेलंगाना और नगालैंड के तापी विधानसभा क्षेत्र में एक्जिट पोल का प्रकाशन और प्रसारण प्रतिबंधित रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग से मिले निर्देशोंके अनुसार राजस्थान सहित अन्य चुनाव वाले राज्यों में मतदान से 48 घंटे पूर्व ओपिनियनपोल या अन्य पोल सर्वे के प्रसारण पर प्रतिबंध रहेगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार एग्जिट पोल करना और एग्जिट पोल के परिणामों को समाचार पत्रों मेंप्रकाशित या इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्रसारित करना अथवा अन्य किसी तरीके से प्रचार–प्रसार करने पर भी पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा।

उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रोनिक मीडिया में किसी ओपिनियन पोल या किसी अन्य प्रकार के मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी निर्वाचन मामले का प्रदर्शन 48 घंटों की अवधि जो इन चुनावों के संबंध में मतदान के समापन के लिए नियत घंटों के साथ समाप्त हुई हो, तक के लिए रोक रहेगी। भारत निर्वाचन आयोग ने जनप्रतिनिधि कानून 1951 की धारा 126 ए की उपधारा (1) के तहत अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए यह अधिसूचित किया है कि 7 नवंबर 2023 को सुबह सात बजे से लेकर 30 नवंबर 2023 को शाम 6. 30 बजे तक किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल को इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया के जरिए या अन्य तरीके से प्रसारित करने पर रोक होगी।

# पुलिस पर्यवेक्षक ने किया स्ट्रांग रूम्स का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव के सफल आयोजन लिए पुलिस पर्यवेक्षक नियुक्त किये हैं।

जयपुर जिले के फुलेरा, दूदू, सांगानेर, बगरू एवं चाकसू विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी गौरव शर्मा को नियुक्त किया गया है। गौरव शर्मा ने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के लिए एवं चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लेने के लिए स्ट्रॉन्ग रूम्स का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्ट्रॉन्ग रूम्स में जारी जीर्णोद्धार कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। पुलिस पर्यवेक्षक गौरव शर्मा ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम्स में विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम मशीन सुरक्षित एवं संरक्षित की जाएगी अतः स्ट्रॉन्ग रूम्स की मरम्मत कार्य जल्द पूरे किये जाने की जरूरत है।

उन्होंने कहा अगले सप्ताह स्ट्रॉन्ग रूम्स का एक बार फिर से निरीक्षण किया जाएगा।

पर्यवेक्षक के दौरे के दौरान एडीएम लोकेश मीणा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सार्वजनिक एवं निजी सम्मपतियों पर किसी प्रकार की प्रचार, विज्ञापन सामग्री नहीं लगाई जा सकती

**परिष्कार पत्रिका ।** सीकर। नगर परिषद आयुक्त शशिक. ांत शर्मा ने बताया कि वर्तमान में चुनाव आचार संहिता प्रभावी है जिसके दृष्टिगत रखते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना सार्वजनिक एवं निजी सम्पतियों पर किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री, विज्ञापन सामग्री नहीं लगाई जा सकती। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण नगरीय क्षेत्र में समस्त प्रकार के सार्वजनिक सम्पति व निजी सम्पति पर किसी भी प्रकार के विज्ञापन, होर्डिंग, बोर्ड, बैनर, यूनिपोल जो अवैध रूप से लगे हुये हैं, उन्हें हटवाने के साथ ही सम्पति विरूपण अधिनियम 2015 (संशोधित) एवं राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 297 एवं समयकृसमय पर चुनाव आचार संहिता अन्तर्गत जारी निर्देशों की पालना में कार्यवाही की जायेगी। आयुक्त शर्मा ने बताया कि सम्बन्धित सार्वजनिक सम्पति एवं निजी सम्पति पर अवैध रूप से लगाये गये विज्ञापन, होर्डिंग, बोर्ड, बैनर, यूनिपोल (स्ट्रक्चर सहित) तुरन्त प्रभाव से हटायें अन्यथा सम्पति विरूपण अधिनियम 2015 (संशोधित) एंव राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 297 के अन्तर्गत अवैध विज्ञापन सामग्री को तुरन्त प्रभाव से हटाया जायेगा एवं हर्जा–खर्चा सम्बन्धित से वसूल किया जावेगा।

# मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए कहीं शपथ, कहीं दौड़

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी लोकतंत्र की सफलता के लिए आवश्यक पहलू है। आगामी विधानसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, जयपुर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न आयोजन किये जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में जयपुर के एक निजी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में जन–जन से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह की मौजूदगी में आयोजित हुए कार्यक्रम में छोटकी और वोटकी ने अपने रोचक नाट्य अभिनय से दर्शकों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिला स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा ने मतदान पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताका मंच संचालन किया एवं विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार से सम्मानित भी किया। इस मौके पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी ने मौजूद युवाओं एवं आमजन को मतदान की शपथ भी दिलाई।

वहीं, सुबह जयपुर स्थित पत्रिका गेट पर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए जागरूकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। जिसमें सैकड़ों युवाओं ने दौड़ लगाकर विधानसभा चुनाव में मतदान की अपील की।

वहीं, जिला स्वीप टीम द्वारा जयपुर के विभिन्न स्थानों पर वीआर प्रेजेंटेशन के जरिये युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। बनीपार्क स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, नारायण सर्किल स्थित एक निजी मॉल, हीरापुरा स्थित कमला देवी बुधिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामनिवास बाग स्थित मसाला चौक पर वीआर के जरिये नव मतदाताओं ने मतदान केन्द्र का थ्री डी अनुभव प्राप्त किया।

# मानव श्रृंखला बनाकर और कैंडल मार्च निकाल कर दिया शत–प्रतिशत मतदान का संदेश

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, जयपुर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान संच. ालित किया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न आयोजनों के माध्यम से आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जिला स्वीप टीम द्वारा सुबह अल्बर्ट हॉल पर मानव श्रृंखला बनाई गई। जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनियों एवं कॉलेज छात्राओं ने मानव श्रृंखला द्वारा वोट–2023 बनाकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान यह मानव श्रृंखला सैलानियों, राहगीरों एवं आमजन के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी रही। वहीं, शाम को परकोटे में स्वीप टीम द्वारा बड़ी चौपड़ से चांदी की टकसाल तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान 400 महिला प्रतिभागियों ने हाथों में मतदाता जागरूकता संदेशों की तख्तियां हाथ में लेकर आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान स्वीप कॉर्डिनेटर डॉ. स्निग्धा शर्मा, जिला स्वीप प्रभारी सैयद असगर नकवी सहित स्वीप टीम के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# आओ चलो मतदान करें : नुक्कड़ नाटक से दिया मतदान का संदेश

**परिष्कार पत्रिका ।** जोधपुर आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करवाने के लिए व्यापक स्तर पर स्वीप कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

इसी क्रम में जोधपुर शहर विधानसभा क्षेत्र की स्वीप टीम व जेएनवीयू के थिएटर सेल के विद्यार्थियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भाटी चौराहा, रातानाडा स्थित सब्जी मंडी व एयर फोर्स चौराहा पर नुकड़ नाटक का आयोजन किया गया। स्वीप टीम प्रभारी भार्गवी सांदू व सह प्रभारी केसरसिंह राजपुरोहित ने बताया कि चलो चले मतदान करे आधारित शीर्षक पर नुकड़ नाटक का मंचन किया गया जिसमें सब काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने हेतु मतदाताओं को प्रेरित किया और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी 25 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लिया। साथ ही चालीस प्रतिशत से अधिक पीडब्ल्यूडी व अस्सी वर्ष से अधिक वयोवृद्ध मतदाताओं को घर बैठे मतदान हेतु आवे. दन की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गयी। अंत में स्वीप टीम द्वारा उपस्थित जनसमूह को मतदान हेतु शपथ ग्रहण करवाई गई।

# द्वितीय प्रशिक्षण 15 से 30 नवम्बर तक जिला मुख्यालय पर होगा

**परिष्कार पत्रिका।** सीकर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीकर को निर्देश दिये है कि विधानसभा आम चुनाव 2023 के लिए गठित मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 15 से 30 नवम्बर 2023 तक जिला मुख्यालय पर आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 7 से 19 नवम्बर तक समस्त विद्यालयों में मध्यावधि अवकाश होने के कारण विद्यालय बंद रहेंगे इसलिए मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिये जाने के लिए उनके नियुक्ति आदेश संबंधित कार्मिकों को तामील करवाये जाने के लिए वे समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित करें कि वे मध्यावधि अवकाश के दौरान स्वयं नियमित रूप से स्कूल खोला जाना सुनिश्चित करें तथा संबंधित कार्मिक को नियुक्ति आदेश तामील करवाया जाना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में कोई भी कार्मिक अनुपस्थित रहता है तथा वह अपने जबाब में यह अंकित करता है कि मुझे संस्था प्रधान द्वारा किसी भी प्रकार से प्रशिक्षण की सूचना, आदेश तामील नहीं करवाया गया है तो उसकी जिम्मेदारी संस्था प्रधान के साथ–साथ आपकी भी होगी। उन्होंने कहा है कि जबाब के आधार पर आपके एवं संस्था प्रधान के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत एक पक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मेरी माटी मेरा देश राज्य स्तरीय समारोह

# मेरी माटी मेरा देश अभियान नहीं भारतीय संस्कृति है : राज्यपाल

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें अपनी मिट्टी से प्यार होता है, वही सार्थक जीवन जीते हैं। उन्होंने इस अभियान के अंतर्गत राजस्थान के प्रत्येक गांव से मिट्टी को कलश में एकत्रित कर राजधानी दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका तक पहुंचाने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे राजस्थान की संस्कृति की सुगंध और यहां का गौरव राष्ट्र धरोहर में सदा समाया रहेगा। मिश्र रविवार को राजभवन में भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित 'मेरी माटी, मेरा देश' राज्य स्तरीय समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अभियान के दूसरे चरण के तहत लगभग 45 हजार गांवों से होती हुई ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पहुंची 'अमृत कलश' यात्रा के राजधानी जयपुर पहुंचने पर इससे जुड़े सभी लोगों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि 'मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन' राष्ट्रीयता के भावों से जनकृमन को भरने वाली अभिनव पहल है।

उन्होंने राजस्थान में स्थानीय प्रशासन, नेहरू युवा केन्द्र आदि संगठनों द्वारा लगभग सभी गावों में इसके तहत कार्यक्रम आयोजित कर वीरों के सम्मान में स्मारक स्वरूप 11 हजार 814 शिलाफलकम् के निर्माण और वहां शहीदों के नाम अंकन कार्य को भी अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा कि 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान इसलिए भी बहुत सार्थक पहल है कि इसके जरिए वसुधा वंदन के अंतर्गत राजस्थान में पौधा रोपण की महती पहल हुई है। इससे आने वाले समय में यहां पर्यावरण संरक्षण से सार्थक बदलाव आएगा।

राज्यपाल ने आजादी के अमृत महोत्सव पर देश की एकता और अखंडता के साथ संस्कृति का गौरव अनुभव कराने से जुड़े 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के जरिए देश के वीरों को सम्मान प्रदान करने के प्रयासों को भी बहुत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से राष्ट्र के प्रति प्रेम के साथ आम जन अपनी मिट्टी से सीधे तौर पर जुड़ता है।

राज्यपाल ने इससे पहले संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और संविधान प्रदत्त मूल कर्तव्य पढ़कर सुनाए।

इससे पहले राज्य की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत बने 'शिलाफलकम' निर्माण और वीरों के सम्मान के साथ अमृत वाटिकाओं में किए गए पौधारोपण से जुड़े कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। राजस्थान परिमंडल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल श्रीमती मंजू कुमार ने बताया कि इस अभियान के तहत राजस्थान के प्रत्येक गांव से मिट्टी को कलश में एकत्रित कर नई दिल्ली में बनाई जा रही अमृत वाटिका तक पहुंचाने का कार्य डाक विभाग एवं अन्य संस्थानों द्वारा किया जा रहा है। नेहरू युवा केन्द्र संगठन के निदेशक महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश के दूसरे चरण के अंतर्गत ब्लॉक और गांव–गांव से एकत्रित की गई मिट्टी जयपुर से 352 अमृत कलश में नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित अमृत वाटिका हेतु भेजी जा रही है। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर प्रतीक रूप में अमृत कलश पर तिलक लगाकर सभी अमृत कलशों को दिल्ली भेजे जाने की शुरुआत की।

# वायु प्रदूषण जनित रोगों से बचाव के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

## श्वसन एवं हृदय रोगों के उपचार के लिए अस्पतालों में हो माकूल इंतजाम एडवाइजरी की हो अक्षरशः पालना, आमजन को करें जागरूक

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रों एवं इनके सीमावर्ती क्षेत्रों में बढ़ती वायु प्रदूषण की समस्या तथा त्योहारी सीजन में आतिशबाजी एवं सर्दी के मौसम के कारण वायु की गुणवत्ता के गिरते स्तर के दृष्टिगत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने आमजन की स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर दिशा–निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वायु प्रदूषण के कारण होने वाली बीमारियों एवं श्वसन तथा हृदय रोग के मरीजों के लिए प्रदेशभर के अस्पतालों में आवश्यक चिकित्सा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से इस संबंध में जारी एडवाइजरी की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

सिंह ने कहा है कि श्वसन संबंधी रोगों से ग्रसित बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों आदि के लिए वायु प्रदूषण घातक साबित हो सकता है, इसलिए इससे बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों की इमरज. सी, इनडोर, आउटडोर, शिशु रोग इकाई आदि में जांच एवं उपचार आदि के माकूल इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा है कि दीपावली के अवकाश के कारण अस्पतालों में चिकित्सा व्यवस्थाओं में किसी तरह की कमी नहीं रहे। चिकित्सकों, नर्सिंगकर्मियों एवं अन्य स्टाफ की रोटेशन के आधार पर ड्यूटी लगाई जाए, ताकि रोगियों को आसानी से उपचार सुलभ हो। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी चिकित्सा संस्थानों में बैड, आवश्यक उपकरण एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो। किसी रोगी को परेशानी का सामना नहीं करना पडे। सिंह ने वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं इससे होने वाले रोगों से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि आमजन को आतिशबाजी, डीजल–पेट्रोल से चलने वाले व्हीकल, जनरेटर, धूम्रपान आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी जाए। साथ ही उन्हें अत्यधिक वायु प्रदूषण वाले स्थानों पर अनावश्यक आवागमन से बचने के बारे में भी जागरूक किया जाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि आईसीएमआर के हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार भारत में वर्ष 2019 में हुई कुल मौतों में से करीब 17 लाख मौत वायु प्रदूषण जनित रोगों के कारण हुई है। यह कुल मौतों का करीब 18 प्रतिशत है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा है कि क्लाइमेट चेंज एवं मानवजनित गतिविधियों के कारण वायु प्रदूषण निरंतर बढ़ रहा है। इस पर प्रभावी रोकथाम के लिए सरकारी प्रयासों के साथ–साथ जनसहभागिता बेहद आवश्यक है। उन्होंने प्रदेश में वायु प्रदूषण की रोकथाम एवं इससे होने वाले रोगों से बचाव के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी एडवाइजरी की अक्षरशः पालना सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त मुख्य सचिव के निर्देशानुसार निदेशक (जनस्वास्थ्य) डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों, उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा एनपीसीसीएचएच के नोडल अधिकारी को पत्र लिखकर एडवाइजरी के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में वायु प्रदूषण से जनित बीमारियों के संबंध में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने, चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की व्यवस्था, त्वरित उपचार के लिए आपातकालीन इकाई में स्टैण्डर्ड ट्रीटमेंट प्रोटोकॉल का पालन करने, जिला एवं उपखण्ड स्तर रेपिड रेस्पॉन्स टीम का गठन करने, चिकित्सा संस्थानों में समुि. चत व्यवस्थाएं करने तथा आमजन में जागरूकता के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

दीपावली के पावन पर्व पर हार्दिक शुभकामनाएं



परिष्कार पत्रिका परिवार

रजि. कार्यालयः 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर 302006 राजस्थान मो. 9314407796, 9351311820
शाखा कार्यालय : शॉप नं. 2, प्लाट नं.36, भैरव नगर, हटवाड़ा रोड़, जयपुर [राजस्थान] मो. नं. 8561888504, 6350176413

Reg. No. : 243/81 Mob. : 8852009000 9351780937

Sanjay Memorial Sr. Sec. School
17, Janta Nagar, Sodala, JAIPUR - 302006

प्रवेश प्रारम्भ

PLAY GROUP TO 12TH
HINDI/ENGLISH MEDIUM

No Admission Fee

RTE से 25% आरक्षित

9वीं से 12वीं तक स्कूल कोचिंग सुविधा

11वीं एवं 12वीं कला वर्ग के छात्रों के लिए RAS फाउण्डेशन एवं सरकारी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी

वाणिज्य वर्ग के विद्यार्थियों को 11वीं कक्षा से ही CA एवं CS फाउण्डेशन की तैयारी

स्कूल की विशेषताएँ

Free Dress for New Admission

- कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष तैयारी
- बोर्ड कक्षाओं अनुभवी शिक्षकों द्वारा विशेष तैयारी
- विज्ञान, वाणिज्य एवं कला में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम प्रवेश
- विज्ञान, कम्प्यूटर एवं गृह विज्ञान की विशेष प्रयोगशाला
- पिछले 40 वर्षों से सभी बोर्ड कक्षाओं का 100 प्रतिशत परिणाम
- 10वीं कक्षा में 80 प्रतिशत एवं अधिक अंक लाने पर फीस में विशेष छूट
- स्पोर्ट्स विद्यार्थियों एवं दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए फीस में विशेष छूट
- सभी कक्षाएँ वातानुकूलित
- सभी नये प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए फ्री युनिफॉर्म

हॉस्टल व वाहन सुविधा

निदेशिका
( सैयद इशरत नबी )

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाईस पब्लिक सी सै स्कूल में कार्यक्रम

# रंगोली बनाकर आओ मतदान करें का दिया संदेश

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल पार्क व्यू कॉलोनी एन बी सी स्टाफ के पीछे जयपुर में विद्यालय की छात्राओं ने चुनावों के लिए वोट एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत छात्राओं ने स्कूल परिसर में रंगोली बनाकर लोगों को मतदान प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए समाजसेवी सुनील जैन ने कहा कि जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। क्योंकि भारत एक लो. कतांत्रिक देश है हर युवा मतदाता मतदान के प्रति जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करें विद्यालय निदेशक रामलाल पाराशर ने छात्र–छात्राओं को मतदाता की शपथ दिलाई।



## विद्यालय में दीपोत्सव पर मतदान जागरूकता रंगोली प्रतियोगिता




**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सी–स्कीम स्थित काशीबाई छगनलाल झवेरी सी. सै. स्कूल में दीपोत्सव पर मतदान जागरूकता रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने दीपक डेकोरेट व ग्रीटिंग कार्ड एवं रंगोली बनाकर अपने हर्ष व उल्लास को प्रकट किया।

छात्राओं ने मतदान जागरूता के लिए रंगोली बनाई गयी और सभी नागरिको को मताधिकार दिवस पर मत देने हेतु प्रेरित किया। प्रिंसिपल देवेन्द्र कुमार वाजा ने संदेश दिया की सभी अपने मताधिकार का आवश्यक रूप से उपयोग करे और शपथ भी दिलायी गयी और कहा की दीपावली के अवसर पर आशावादी बनकर, प्रकाश की ओर बढे कर जीवन में सफलता प्राप्त करने और विद्यार्थियों को चाईनीज पटाखों का प्रयोग नहीं करने एवं पॉल्यूशन फ्री दीपावली मनाने का संदेश दिया। जिससे प्राणियों के प्रति होने वाले प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम किया जा सकें। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाला प्रबन्ध समिति के प्रमुख भरतभाई शाह, रजनीकान्त पटेल, अल्पेश भाई पटेल, कान्तीभाई पटेल एवं गणमान्य सदस्य, विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नेशनल गेम्स में राजस्थान लगोरी सितोलिया में जीता सिल्वर मेडल



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** गोवा में अयोजित हो रहे 37 वे नैशनल गेम्स में राजस्थान की पुरुष और महिला टीम में ने भाग लिया महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने तीनों मुकाबले जीते पहले राउंड में बिहार को दूसरे राउंड में असम और तीसरे राउंड में झारखंड को हरा कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया सेमिफाइनल में मेजबान गोवा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल में हरियाणा से 2–1 से हारकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया लडकों की टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान प्राप्त किया। महिला टीम खिलाड़ियों के नाम – कांता गोदारा, उर्मिला, निरमा मेघवाल, आरूषी, निरमा जाखड़, सुशीला, सीमा, सुनीता, आशिया, राजिया, माफिया, नसीम, वंदना मीना, ममता, विद्या। पुरुषटीम खिलाड़ियों के नाम–राहुल जाट, विश्राम जाट, दिलखुश भांभी, श्याम प्रताप सिंह खंगारोत, दिलखुश जाट, राम किशोर, कालूराम, सुमेराराम, शीशपाल, मुकद्दर, राजेंद्र, भवानी राठौड़, विवेक सिंह, कमल चौधरी, समीर मीना।

टीम कोच अंकिता विश्नोई, उम्मेदसिंह शेखावत, अनिल भगवाड़िया, कमल सहारन, रामेश्वर, राजीव ढाका रहे इनके कड़ी मेहनत से टीम ने पहले बार ही इतनी बड़ी सफलता हासिल की राजस्थान लगोरी (सितो. लिया) टीम से ब्रजराज सिंह शेखावत ने सीनियर रेफरी की भूमिका निभाई संघ के सदस्यों ने टीम, कोच और सपोर्टिंग स्टाफ कोबधाई और शुभकामना दी और उज्वल भविष्य की कामनाकी।

लगोरी (सितोलिया) इस बार ही नैशनल गेम्स में शामिल किया गया है। इस को राजस्थान में सितोलिया के नाम से जाना जाता है यह बहुत ही पुराना खेल है।

**प्रकाशन के लिए अपने संदेश भेजें या मेल करें -**
संपादक, परिष्कार पत्रिका,
रजि. कार्यालय : प्लाट नं. 89, संतोषनगर, अजमेर रोड़, जयपुर
ब्रांच ऑफिस : शॉप नं 2, प्लाट नं 36 भैरव नगर, ईएसआई के पास, हटवाड़ा रोड़, जयपुर-06
मो : 9314407796, 9351311820

## इमानुएल मिशन विद्यालय में वार्षिक स्पोर्टस वीक का शुभारंभ



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** एम्यूल मिशन सीनियर सैकंडरी विद्यालय झोटवाड़ा जयपुर में वार्षिक स्पोर्टस सप्ताह 2023–24 का आगाज हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल फादर ने मशाल प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने स्पोर्टस गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। अतिथियों ने विजेता और उपविजेता ट्रॉफी का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में खेलकूद की विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।



## महात्मा गांधी विद्यालय में 21 लोहे के स्टूल भेंट किए



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम मानसरोवर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावकों द्वारा विद्यार्थियों के बैठलने हेतु 11,000 रूपए की लागत के 21 स्टूल भेंट करने की घोषणा उपरांत विद्यालय में उपलब्ध कराए। इस अमूल्य भेंट का स्वाग करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या अनु चौधरी ने सभी अभिभावकों का आभार प्रकट किया और बताया कि अभिभावकों को प्रेरित करने में लक्षमण सिंह सीनियर वरीष्ठ अध्यापक का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## सदाचार विद्यालय में सजाई दीपोत्सव की रंगोली



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय बनीपार्क जयपुर में विद्यालय की छात्राओं ने दीपोत्सव के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में रंगोली सजाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या उषा शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी। उन्होंने बच्चों को विद्यालय परिसर में रंगोली सजाने के लिए हौसला अफजाई की। छात्राओं ने रंगोली बनाकर लोगों को मतदान प्रति जागरूक किया। उन्होंने संदेश दिया किहर युवा मतदाता मतदान के प्रति जागरूक रहे। इस अवसर पर उषा शर्मा ने बताया कि विद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न रचनात्मक और खेल खेल में की गई एक्टिविटी से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। विद्यालय के छात्र–छात्राओं को आपसी सामंजस्य के लिए शैक्षिक भ्रमण भी कराया जाता है ताकि वे एकदूसरे के साथ बेहतर व्यवहार कर सके।

सेंट एंसलम्स पिंक सिटी विद्यालय में मनाया वार्षिकोत्सव

# Exalta-2023-24 का आयोजन





**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** सेंट एंसलम्स पिंक सिटी स्कूल, मालवीय नगर में वार्षिकोत्सव एक्साल्टा 2023 –24 का आयोजन बहुत ही धूमधाम व उत्साह से किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में विविध कलाओं के प्रति रुझान, सीखने की इच्छा, स्वप्रतिभा को निखारते हुए एक श्रेष्ठ नागरिक बनने की ओर अग्रसर करने का सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्षा डा. अर्चना शर्मा थी। साथ ही अनेक गणमान्य अतिथि भी इस अवसर पर उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय प्रधानाचार्य फादर थॉमस मनीपरम्बिल ने किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अर्चनाशर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर भव्य व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के एल.के.जी. से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के द्वारा पूरे जोश उत्साह व उल्लास से भरे अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। हवा व पानी जैसे विषयों पर गाये समूह गीतों द्वारा प्रकृति–तत्वों की उपादेयता बताई। विषय आधारित समूह नृत्यों द्वारा प्रकृति संरक्षण हेतु जागरुकता, सामाजिक अत्याचार व बाल तस्करी पर रोक, समाज में उपेक्षित समझे जाने वाले किन्नरों के अस्तित्व व पीड़ा का चित्रण, दुनिया की सबसे ऊंची व बर्फीली चोटी सियाचिन पर पहुँचने वाली प्रथम महिला सैनिक कैप्टन शिवा चौहान के देशप्रेम, कठिन परिश्रम तथा वीरता का अप्रतिम वर्णन भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव के साहसिक बलिदान के गौरवपूर्ण प्रसंगों को सुंदर हाव–भावों के साथ दर्शाया गया।

इस अवसर पर सामाजिक कुरीतियों को तोड़ आत्मविश्वास व दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाती हुई एकांकी भोली के मंचन के साथही हिरोशिमा नागासाकी में हुए बम विस्फोट के बाद वहाँ के लोगों की मानसिक पीड़ा को दर्शाते हुए नाटक हिबाकुशा का भी मंचन किया गया। 2022 एसलम स्टार सिंगर जान ने भी मधुर गीत गाया।

इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र–छात्राओं को प्रमाणपत्र व पदक द्वारा सम्मानित किया। मुख्य अतिथि अर्चनाशर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

विद्यालय के सांस्कृतिक क्लब की डायरेक्टर एल्सी वर्गीस ने सभी अतिथियों व कार्यक्रम में सहायक लोगों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान गाकर की गई।

## मनीष स्कूल के बच्चों ने जागरूकता रैली निकाल कर दिया मतदान करने का संदेश



**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** हरमाड़ा क्षेत्र के जयपुर सीकर हाईवे स्थित बालाजी धर्म कांटे के पीछे मनीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने हरमाड़ा क्षेत्र के मुख्य मार्ग में, गली मोहल्ला में मतदान जागरूकता रैली निकाली और तख्तियों पर लिखे संदेश और नारों से आमजन को मतदान करने के प्रति जागरूक किया और स्कूली बच्चों ने शपथ ली कि वो मतदान के लिए अपने परिजनों सहित आस–पडौस और हरमाड़ा के लोगों को जागरूक करेंगे, जिससे मतदाता प्रतिशत में बढोतरी हो सकेगी। निदेशक महावीर सिंह निठारवाल ने बताया कि 18 वर्ष या उससे अधिक है वह मतदाता सूची में अपना नाम जोड़ना है ताकि आप वोट डाल सके क्योंकि आपको 25 नवंबर को वोट डालना है। ये रैली स्कूल प्रांगण से रवाना होकर आसपास क्षेत्र में हाथों में निर्वाचन की थीम जैसे छोड़कर अपने सारे काम पहले चलो करें, मतदान बॉलीवुड पर जाए लोकतंत्र का पर्व मनाएं, न जाति न धर्म पे बटन दबे का वोट हमारा है। अधिकार करना इसको बेकार वोट जैसा कुछ नहीं वोट डालेंगे जरूर इस मौके पर निदेशक मनीष निठारवाल समा. जसेवी सुनील जैन प्रधानाचार्य हेमराज मंगवा स्कूल प्रभारी मंजू शर्मा एवं समस्त स्टाफ गंज मौजूद थे।

## जलमहल की पाल पर दीपदान कर की मतदान की अपील

**परिष्कार पत्रिका जयपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी एवं शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्वीप टीम की ओर से हवा. महल विधानसभा क्षेत्र के जल महल रोड स्थित जल महल की पाल पर दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों युवाओं, बुजुर्गों के साथ–साथ आंगनबाड़ी कार्याकर्ताओं ने दीपदान कर आमजन को विधानसभा चुनाव में मतदान की अपील की। वहीं, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के जवाहर कला केन्द्र में भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप टीम की ओर से आकर्षक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान वीआर प्रेजेंटेशन आकर्षण केन्द्र बना रहा, जिसके के जरिये युवाओं ने मतदानकेन्द्र का 3डी अनुभव प्राप्त किया।

## अजमेर में दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**परिष्कार पत्रिका।** अजमेर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के सयुंक्त तत्वाधान में पाल बिचला बैरवा बस्ती में दिव्यांगजन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सामाजिकन्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक प्रफुल्ल चन्द्र चौबीसा ने दिव्यांगजन और वृद्धजन को मतदान के लिए सादर आमंत्रित किया। साथ ही जानकारी दी कि हमें वोट जरूर देना है, हमारा वोट बहुमूल्य है। हम वोट देकर अच्छे व्यक्ति का चयन कर सकते है। इसलिए आपको अनिवार्य रूप से वोटदेना चाहिए। इसअवसर पर दिव्यांगजन और वृद्धजन को आमंत्रण पत्र दिए गए।


सभी सम्मानीय पाठकों को दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
सिद्धार्थ सिंह चौहान
प्रकाश विद्या निकेतन सी सैकंडरी स्कूल
194, शांति नगर, जयपुर 302006



दीपावली के पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्यामलाल शर्मा
जौहरी
दामोदर दास एण्ड संस ज्वैलर्स
42, सिद्धार्थ कॉलोनी अजमेर रोड़, सोड़ाला जयपुर मो. 9461685717



दीपावली के पावन पर्व पर सभी प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अंकित सिंह
डायरेक्टर,
एएस मेमोरियल सै स्कूल, शांतिनगर, एनबीसी रोड़ जयपुर



राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त
प्रकाश विध्या निकेतन सी.सै. स्कूल
संकाय- विज्ञान, कला एवं वाणिज्य
[कक्षा नर्सरी से 12वीं तक
[हिन्दी माध्यम]
प्रवेश प्रारंभ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।



सिद्धार्थ सिंह चौहान
194, शांति नगर, एनबीसी रोड़, जयपुर 302006
मोबाईल नं. 9352495768, 7665252481

हार्दिक शुभकामनाएं
विजयलक्ष्मी सी. सै. स्कूल
SAINT JOHN'S SCHOOL
Nursery to 6th
[अग्रेंजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय



राजेश वर्मा
प्रिंसिपल
28-29, नटराज विहार कॉलोनी, सिरसी रोड, भांकरोटा, जयपुर मो. 9351552934

रजि नं. 259/2001 राजस्थान सरकार से स्थाई मान्यता प्राप्त
जय मां सरस्वती विद्यापीठ सी.सै. स्कूल
संकाय- कला एवं वाणिज्य [कक्षा नर्सरी से 12वीं तक [हिन्दी माध्यम]]
JMS VIDHYAPEETH SR. SEC. SCHOOL
(An English Medium) Nur. to XII(Arts & Com.)
प्रवेश प्रारंभ 44, दुर्गा विस्तार कॉलोनी, रावल जी का बंधा, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6
Ph. 0141-2225200, Mob. No. 9251467543, 9251467545
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं।

पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सी. सै. स्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
विशेषताएं : श्रेष्ठ माहौल, प्रशिक्षित अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा अध्यापन, साप्ताहिक टेस्ट, कमजोर छात्र-छात्राओं हेतु विशेष कक्षाएं, उचित वाहन सुविधा एवं खेल-कूद, साप्ताहिक बाल सभा, कम्प्यूटर शिक्षा प्राथमिक कक्षाओं से, समय समय पर अध्यापक-अभिभावक संगोष्ठी।



रामलाल पाराशर, निदेशक
17, पार्क व्यू कॉलोनी, एनबीसी स्टाफ क्वार्टर्स के पीछे, खातीपुरा रोड़, जयपुर -6 राजस्थान
Mob. No. 9351451481, 7726857268

सदाचार उच्च माध्यमिक विद्यालय
आकड़ मार्ग, बनीपार्क जयपुर फोन नं. 2202026
[अग्रेंजी व हिन्दी माध्यम सहशैक्षणिक संस्था]
कला एवं वाणिज्य [कॉमर्स] संकाय
प्रवेश प्रारंभ
बोर्ड परीक्षाओं में शतप्रतिशत परिणाम
SADACHAR PUBLIC SCHOOL
(An English Medium Co-educational institute)
Ph. 3141519, 2202026
English Medium -:- Play Group to VIIIth
Conveyance Facility (Auto)
Based on N.C.R.T. Pattern
प्रवेशोत्सव के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं



ऊषा शर्मा
प्रिंसिपल
सदाचार उच्च मा विद्यालय

LEARNING STEP SCHOOL
Mr. Abhishek Gupta
Director
SEESION 2023-2024
On Ajmer Highway Road
Book Your Seat Now For CBSE School



PG to XII (CBSE AFFILIATED) Special Features :
Big Ground, Agriculture Garden, Staff Quarters, Students Hostel, Assembly Hall, Projector Room, Labs (Science/Maths/Computer)

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक और संपादक रवि सिंह किरार द्वारा एम बी प्रिन्टर्स डिग्गी हाऊस, एफ ७६ करतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा 89, संतोष नगर, अजमेर रोड़, जयपुर से प्रकाशित। फोन नं. 141-2450128/ 9314407796 parishkarpatrika@gmail.com
www.parishkarpatrika.page प्रधान संपादक हेमलता किरार तथा सलाहकार श्रवण सिंह किरार, विजय सिंह किरार, प्रचार एवं प्रसार प्रबंधक डी कुमार चित्र, शायर सिंह किरार